# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## प्रशासन भवन बना महिला क्रिकेट चैम्पियन
### स्टाफ स्पोर्ट्स क्लब महिला क्रिकेट प्रतियोगिता सम्पन्न

पंतनगर। 21 मई 2025। विष्वविद्यालय के स्टाफ स्पोर्ट्स क्लब के तत्वावधान में प्रथम बार आयोजित की गई महिला क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रषासन भवन ने कृषि महाविद्यालय को हरा कर चैम्पियन होने का गौरव प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में विष्वविद्यालय की दो महिला क्रिकेट टीमों ने भाग लिया। विजेता व उपविजेता टीम को कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डा. सुभाष चन्द्रा व पूर्व सचिव स्टाफ स्पोर्ट्स क्लब डा. एनके सिंह ने सम्मानित किया। इस अवसर पर डा. सुभाष चन्द्रा ने कहा कि विष्वविद्यालय में पहली बार महिला क्रिकेट के षुरू होने से विष्वविद्यालय में कार्यरत सभी महिला कार्मिकों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा और वह अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत भी रहेंगी।

दोनों टीमों के बीच 10–10 ओवरों की तीन मैचों सीरीज खेली गई, जिसमें पहले मैच में प्रषासन भवन ने कृषि महाविद्यालय को 41 रन, दूसरे मैच व तीसरे मैच में 6 विकेट से हराया। तीसरे मैच में कृषि महाविद्यालय ने बेहतर खेल का प्रदर्षन किया, जिसमें कृषि महाविद्यालय की ऑलराउंडर डा. रितिका भट्ट ने 27 बॉल पर 24 रन व डा. साक्षी चौहान ने 3 चौके की मदद से 16 रन तथा कप्तान डा. ष्वेता राय ने ताबड़तोड़ 13 रनों की बदौलत कुल 2 विकेट पर 61 रन बनाये। इसके जबाब में प्रषासन भवन की टीम ने अर्पणा के 26 बॉल पर 25 रन व दीपा पाण्डे ने 16 बॉल पर 16 रन की मदद से 61 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया। पहली बार करायी गई महिला क्रिकेट प्रतियोगिता में दोनों टीमों ने खेल भावना का परिचय दिया। मैच के दौरान महिला प्रतिभागियों ने न केवल अपनी प्रतिभा को प्रदर्षित किया बल्कि महिला क्रिकेट को बढ़ावा भी दिया। इस अवसर पर कृषि महाविद्यालय की कप्तान डा. ष्वेता राय, प्रषासन भवन की उपकप्तान नीता पाण्डे व डा. रितिका भट्ट ने प्रतियोगिता में अपने अनुभवों को साझा किया। प्रतियोगिता में अम्पायर की भूमिका में विजयी सिंह कुंवर, अजीत सिंह यादव व स्कोरर में वज़ीर अहमद व नीतीष रावत रहे। इस अवसर पर डा. मंजु जोषी, सुदीष राय, षषांक षर्मा, अनिल जोषी, मोहित कुमार, व ज्योति षर्मा व सचिव योगेष पंत मौजूद रहे।

## किरन राय प्लेयर ऑफ द सीरीज
## अर्पणा बनी बेस्ट बैटर व सरोज बेस्ट बॉलर

पंतनगर। स्टाफ स्पोर्ट्स क्लब द्वारा आयोजित महिला क्रिकेट प्रतियोगिता के दौरान तीन मैचों की सीरीज में प्रषासन भवन की खिलाड़ी किरन राय को तीन मैचों में सर्वाधित 54 रन बनाने पर प्लेयर ऑफ द मैच के पुरस्कार से सम्मानित किया। जबकि तीनों मैचों में बेहतर प्रदर्षन के आधार पर अर्पणा को बेस्ट बैटर तथा सर्वाधित विकेट लेने पर सरोज चौहान को बेस्ट बॉलर के पुरस्कार से सम्मानित किया। प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि डा. सुभाष चन्द्रा व डा. एनके सिंह ने सम्मानित किया।